A Journey Through the Years – LEH Gallery

Door-to-Door Eye Screening Program | Mega Eye Camp | Women's Outreach Team | Dainik Bhaskar samman samorah

Organised Paramedical Training Programme | Dr. Kumar Krishnan presenting on SICS in London | Rajula Karania presenting a memento. | Dr. Kulin Kothari,Founder,Vision Foundation

LEH team conducting vision screening for truck drivers at Maitihi Toll Plaza | Laxman's Loyal Area | Eye Screening camp at India Oil Bottling Plant

Vitamin 'A' Distribution Drive

Our Angel Team is carrying out door-to-door distribution of Vitamin A supplements to help eliminate childhood blindness

Patient First Eye Hospital

Dr. Lucy Mathen interacting with a patient | Women waiting for their OPD consultation | A dignified cataract patient after surgery | Group photo of patients after surgery

In-house Optical Store at Laxman Eye Hospital | Dr. Razi Hassan in the operation theatre | A Glimpse of Daily Routine at LEH | Outreach patients awaiting surgery

Celebrating Birthdays at LEH | Pediatric Ward | Dr Lucy Mathen & Francisca von holthon | Dr. Lucy Mathen examining a pediatric patient

Ophthalmic Instruments at Laxman Eye Hospital

PEDIATRIC CARE

Group Photo with Government School Students After Eye Screening | Happy Children and Parents After Cataract Surgery | School Eye Screening Program

"With Gratitude to Second Sight, Our Esteemed Donor"

Visit of Dr. Aideen Landers | Dr. Anamika Tandon performing pediatric surgery | Visit of Dr Lucy Mathen, Rowena Mcnamara and Dr. Helen Rao

Rowena Mcnamara ,Msc,DBOT,Chair-British & Irish orthoptic society, Dr. Aideen landers,MBChb,FRCOphth

"With sincere gratitude, we acknowledge JECO Foundation, Canada, as our new supporter in the fight against blindness."

Past Projects

SMUS Team participating in Sanitation Sensitization Week | Satya Manav Team joining the Red Ribbon Express campaign against AIDS | Sri Radhamohan singh,EX Union Minister of Agriculture at LEH | Felicitation Ceremony for NEET Topper

At the Family Planning Event organized by the Government of Bihar | COVID-19 Relief Distribution Campaign | Vision Centre inaugurated by Dr. J.P. Ranjan, Civil Surgeon, Muzaffarpur, Bihar

Press Release

सिटी बाइट्स

हॉस्पिटल में महिला नेत्र सहायकों का सम्मान

मुजफ्फरपुर. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर के लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान अस्पताल में कार्यरत महिला नेत्र चिकित्सा सहायकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया. संस्थान के निदेशक डॉ. शील वर्धन ने महिला कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे अंधापन उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. मौके पर सम्मानित होने वाली समीना खातून, अर्पणा सिंह और निशा कुमारी ने कहा कि आज महिलाएं नेत्र चिकित्सा जैसे तकनीकी क्षेत्र में भी पूरी सक्रियता और कुशलता के साथ अपनी पहचान बना रही हैं.

प्रभात खबर

सिटी बाइट्स

नेत्र जांच शिविर में 62 लोगों का हुआ इलाज

मीनापुर. गोरिगामा पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुमार चुन्नू के प्रयास से लक्ष्मण आई हॉस्पिटल मुजफ्फरपुर के चिकित्सकों की टीम ने मध्य विद्यालय टेंगरार्ही में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया. जिसमें कुल 62 लोगों ने अपना नेत्र जांच करवाया जिसमें 40 लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत मिली. शिविर में विवेक कुमार, दिग्विजय कुमार, राजीव कुमार, विरेंद्र सिंह, दीपक कुमार, लक्ष्मण आई ...

कुपोषित बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी

मुजफ्फरपुर. लक्ष्मण आई हॉस्पिटल ने स्लम बस्ती में कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर विटामिन ए की खुराक निःशुल्क उपलब्ध कराने का एक अभियान चलाया है. सिकंदरपुर आंबेडकर नगर में चार दर्जन कुपोषित बच्चों को दवा पिलायी गयी. नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शीलवर्धन ने बताया कि कुपोषित बच्चों के शरीर के सेल्स एवं टिश्यू के विकास व निर्माण के लिए विटामिन की दवा लक्ष्मण आई हॉस्पिटल ने कैंप लगाकर दी. पैरामेडिकल कर्मी सुजीत पटेल व अरविंद कुमार, प्रिंस एवं आकाश मौजूद थे.

नेत्र चिकित्सक सहायक प्रशिक्षण शिविर शुरू

मुजफ्फरपुर. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सत्य मानव उत्थान संस्थान व लक्ष्मण आई हॉस्पिटल द्वारा महिला प्रतिभागियों के लिए नेत्र चिकित्सक सहायक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया. इसे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रजी हसन ने किया. इस अवसर पर 25 स्नातक उत्तीर्ण महिलाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया. उन्हें भारत सेवक समाज चेन्नई से डिप्लोमा इन ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट की डिग्री दी जायेगी. हॉस्पिटल के निदेशक डॉ शीलवर्धन के देख-रेख में यह सत्र दो वर्षों का होगा.

प्रभात खबर

मुजफ्फरपुर, मंगलवार 05.08.2025 | 04

कैंपस अलर्ट

लंदन के चिकित्सकों ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

मुजफ्फरपुर. कुढ़नी के बंगरा हरदास स्थितआवासीय एसएल मैरी इंटरनेशनल स्कूल में लंदन से आये डॉ एल्डिन लैंडर व डॉ रोवेना मैकमारा ने बच्चों की नेत्र जांच के साथ ही पारितोषिक वितरण समारोह में भाग लेकर उत्साह बढ़ाया. कहा कि बाल्यावस्था में मोबाइल अधिक देखने का कुप्रभाव आंखों पर पड़ता है. आज के वैश्विक युग में यदि अंग्रेजी भाषा का ज्ञान नहीं होगा तो हर कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा. उन्होंने छात्र- छात्राओं व विद्यालय प्रबंधन को भरोसा दिलाया कि वे प्रति वर्ष इस विद्यालय में आयेंगे. बढ़ते वैश्विक प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए चिकित्सकों ने बच्चों व अभिभावक से पौधा लगाने पर जोर दिया. चेयरमैन ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, एकेडमिक निदेशक डॉ यूके पोद्दार, प्राचार्य सुमिता दास ने चिकित्सकों का स्वागत किया.

शिविर में 65 मोतियाबिंद मरीजों की निःशुल्क जांच

तरियानी | लक्ष्मण आई हॉस्पिटल, मुजफ्फरपुर की ओर से तरियानी प्रखंड के मंगुराहा लक्ष्मण कुटीर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मोतियाबिंद के 65 मरीजों का चयन किया गया, जिनका निःशुल्क ऑपरेशन मुजफ्फरपुर के लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में किया जाएगा। जरूरतमंदों को पावर का चश्मा और दवाई भी बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शील वर्धन ने बताया कि शिवहर और सीतामढ़ी के लोगों को नेत्र उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की भी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अपनी जन्मभूमि के लोगों के लिए सेवा और समर्पित भाव से जिला के एक-एक गांव में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित कर अंधापन उन्मूलन का कार्य किया जाएगा। डॉ. शील वर्धन ने बताया कि लक्ष्मण आई हॉस्पिटल की स्थापना उनके दिवंगत दादा पूर्व मुखिया लक्ष्मण प्रसाद सिंह की स्मृति में की गई है।

ब्रीफ न्यूज

लक्ष्मण आई हॉस्पिटल के शिविर में ऑपरेशन के बाद मोतियाबिंद के मरीज.

53 मरीजों के मोतियाबिंद का हुआ ऑपरेशन

मुजफ्फरपुर. विश्व दृष्टि दिवस के मौके पर गुरुवार को लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में मोतियाबिंद का निःशुल्क शिविर लगाया गया. इस मौके पर डॉ आशिक रजा व प्रीति कुमारी ने 53 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया. निदेशक ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मधुमेह रोगियों को अंधापन से बचाव के लिए लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में विशेष ओपीडी की व्यवस्था की गयी है. इस मौके पर शशिकांत, रंजीत कुमार, अवधेश कुमार, सत्येंद्र प्रसाद सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे.

लंदन के मशहूर विशेषज्ञ कर रहे आंखों का इलाज

मुजफ्फरपुर. लक्ष्मण आई हॉस्पिटल ने अपने क्षेत्र के बच्चों के आंख के गंभीर रोगों का मुफ्त इलाज करा रहा है. इसके लिए अस्पताल ने 30 जुलाई से चार अगस्त तक लंदन के मशहूर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एडिना लैंडर्स व डॉ. रोवेना मैकनामरा द्वारा किया जा रहा है. लक्ष्मण आई हॉस्पिटल के निदेशक डॉ शीलवर्द्धन ने बताया कि अस्पताल के चिकित्सकों और डॉ. रजी हसन, डॉ. गोपाल प्रसाद सहित अस्पताल के व्यवस्थापक सत्येन्द्र सिंह एवं हर्षवर्द्धन के सफल संचालन से फ्री कैंप में बच्चों को लाभ मिल रहा है. इसके अलावा व्यस्क व बुजुर्ग लोगों की भी आंखों का सफल उपचार हो रहा है. डॉ. शीलवर्द्धन ने बताया कि हमारे अस्पताल में रियायती दर पर आंखों का इलाज एवं मोतियाबिंद का ऑपरेशन होता है. साथ ही चश्मा एवं दवा भी रियायती दर पर दिया जाता है.

प्रभात खबर

सिटी बाइट्स

लक्ष्मण आइ हॉस्पिटल में हुआ होली मिलन समारोह

मुजफ्फरपुर. लक्ष्मण आई हॉस्पिटल ने सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया. मौके पर हॉस्पिटल के सचिव ठाकुर ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रजी हसन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शीलवर्धन, सत्येंद्र सिंह, चक्षु सहायक अवधेश कुमार, शशिकांत, प्रियंका कुमारी, स्मिता कुमारी, मनीष श्रीवास्तव, रतिश श्रीवास्तव ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली गीत गाए.

लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में दी गई नेत्रदान के संबंध में जानकारी

मुजफ्फरपुर| लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में शनिवार को नेत्रदान पखवारे के अवसर पर अस्पताल के सभागार में संगोष्ठी हुई। उद्घाटन परशुराम सिंह अध्यक्ष एवं वरीय नेत्र चिकित्सक डॉ. अली हसन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार कृष्णन डॉ. शिव कुमार, डॉ. रंजन कुमार सहित सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण शामिल हुए। लोगों में जागरूकता के लिए रजी हसन ने नेत्रदान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि नेत्रदान महादान है, इसके लिए लोगों को संकल्प लेकर यह काम करना चाहिए।

विश्व गुरु भारत

लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुरू हुआ प्रशिक्षण

कोमल शाही
विश्व गुरु भारत

मुजफ्फरपुर: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सत्य मानव उत्थान संस्थान द्वारा संचालित लक्ष्मण आई हॉस्पिटल द्वारा महिला प्रतिभागियों के लिए नेत्र चिकित्सक सहायक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रजी हसन द्वारा किया गया. इस अवसर पर पचीस स्नातक उत्तीर्ण महिलाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया जिन्हें भारत सेवक समाज चेन्नई से डिप्लोमा इन ऑपथैल्मीक असिस्टेंट की डिग्री दी जाएगी. हॉस्पिटल के निदेशक डॉ शिलवर्धन के देख रेख में यह सत्र दो वर्षों का होगा, समाजसेवी हर्ष वर्धन ने बताया की हमारी संस्था नारी सशक्तिकरण के प्रति समर्पित है.

भास्कर, मुजफ्फरपुर, मंगलवार, 5 अगस्त, 2025

लंदन से आए चिकित्सकों ने बच्चों की नेत्र जांच की

मुजफ्फरपुर | कुढ़नी के आवासीय एसएल मैरी इंटरनेशनल स्कूल बंगरा हरदास, कुढ़नी में लंदन से आए डॉ. एल्डीन लैडर एवं डॉ. रोवेना मैकमारा ने बच्चों की नेत्र जांच की। उन्होंने कहा कि बाल्य अवस्था में मोबाइल अधिक देखने का कुप्रभाव आंखों पर पड़ता है, जिससे बचने की आवश्यकता है। विद्यालय के चेयरमैन ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, एकेडमिक निदेशक डॉ यु के पोद्दार, प्राचार्य सुमिता दास समेत अन्य थे।

लक्ष्मण आई हॉस्पिटल ने लगाया कैंप

मुजफ्फरपुर. लक्ष्मण आई हॉस्पिटल ने शहर की स्लम बस्ती में विटामिन ए कैंप का आयोजन कर मुफ्त दवाई बांटी. कोल्हुआ के स्लम बस्ती में करीब छह दर्जन कुपोषित बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी. डॉ शील वर्धन ने बताया कि बढ़ते हुए बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में यह दवा काफी उपयोगी साबित हो रही है. उनके साथ में नेत्र रोग सहायक शशिकांत व धीरज यादव थे.

डॉ लक्ष्मण को 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

मुजफ्फरपुर. लक्ष्मण आई हॉस्पिटल के प्रेरणास्रोत डॉ लक्ष्मण प्रसाद सिंह की 11वीं पुण्यतिथि पर हॉस्पिटल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार कृष्णन, डॉ रजी हसन, डॉ आशिक रेजा, सहित सभी कर्मियों ने पुष्प अर्पित किये. इस मौके पर अस्पताल प्रबंधक सत्येंद्र सिंह, कृष्ण नंदन पांडे, राम जी प्रसाद, शशिकांत, शुभम, सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे.

आई हॉस्पिटल, मुजफ्फरपुर ने निःशुल्क आंख जांच शिविर का किया आयोजन

भास्कर न्यूज | धुपरी

प्रखंड के हरदिया गांव स्थित न... दुर्गा पूजा स्थल सोनार टोल... रविवार को लक्ष्मण आई हॉस्पिटल मुजफ्फरपुर द्वारा निःशुल्क आंख का जांच शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत के सरपंच समन कुमार, मिश्र कंचन की ओ...

लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में हुआ झंडोत्तोलन

मुजफ्फरपुर. लक्ष्मण आई हॉस्पिटल में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रजी हसन ने झंडोत्तोलन किया. नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शील वर्धन डॉ गोपाल प्रसाद सिंह, डॉ राजेश सिंह व लक्ष्मण ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन उपस्थित थे.